>

Title: Need to take steps to make river Bandi pollution free in Pali Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमारे संसदीय क्षेत्र में फैक्ट्रियों की वजह से जो प्रदूषण हो रहा है और प्रदूषित पानी से किसानों की जमीन खराब हो रही है, इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि बांडी नदी में जो प्रदूषण जा रहा है, उसमें 20,000 एम.एल.डी. का एम.टी.एम. प्लांट लगाकर इसे प्रदूषण से मुक्त कराएं और किसानों को इससे राहत दिलाएं।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि जो एम.टी.एम. प्लांट लगाते हैं, वह आर.ओ. के साथ लगेगा तो पानी साफ हो जाएगा और वह लोगों के काम आ सकेगा। मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। आज किसान आत्महत्या के कगार पर चले गए हैं, इसे रोकने के लिए मैं आपसे मांग करता हूं। मारवाड़ी में एक कहावत है कि "लाठी भी नहीं भागे, और सांप भी मर जावे। " यहां सरकार है लाठी और वह ज़हरीला पानी है सांप। इसलिए उस पानी के प्रदूषण को रोका जाए। वहां प्लांट लगाया जाए। यही मैं आपसे मांग करता हूं।